श्री तपन राय, आई ए एस (सेवानिवृत्त), गैर-कार्यकारी अध्यक्ष

पता : सी-I / 25, पंडारा पार्क, नई दिल्ली – 110003

श्री तपन राय को भारत सरकार द्वारा दिनांक 23.05.2018 से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया. श्री तपन राय, आई ए एस (सेवानिवृत्त) को वित्त, अर्थशास्त्र, तकनीक, विधि, पूंजी बाजार, प्रबंधन, विदेशी व्यापार, लोक नीति एवं प्रशासन का व्यापक ज्ञान एवं अनुभव है. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्यग्रहण करने से पूर्व श्री तपन राय, भारत सरकार, कार्पोरेट संबंधी मामलों के मंत्रालय में सचिव थे, उससे पूर्व उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई ए एस) के गुजरात कैडर में 35 वर्षों तक सेवा की है. उन्होंने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, दिल्ली से मैकेनिकल इंजीनियर की डिग्री प्राप्त की है. वे वुडरो विल्सन स्कूल, प्रिंसटन यूनिवर्सिटी, यू एस ए से पब्लिक पॉलिसी में स्नातकोत्तर, तथा मैक्सवैल स्कूल, साइराकस यूनिवर्सिटी, यू एस ए से पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातकोत्तर हैं. श्री राय इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड, नई दिल्ली से फॉरेन ट्रेड में एक्जीक्यूटिव मास्टर की डिग्री धारक भी हैं. उनके पास लॉ एवं इन्टरनेशनल ट्रेड में भी डिग्रियां हैं. वे भारत सरकार के रक्षा, वस्त्र, ऊर्जा, विज्ञान एवं तकनीकी, सूचना तकनीकी एवं योजना मंत्रालयों में सेवा कर चुके हैं. वे गुजरात के वित्त विभाग में प्रधान सचिव भी थे. श्री राय गुजरात स्टेट पैट्रोलियम कार्पोरेशन लि. (जी एस पी सी) एवं गुजरात स्टेट पेट्रोनेट लि. (जी एस पी एल) के प्रबंध निदेशक भी रहे हैं. वे अन्य जी एस पी सी / जी एस पी एल ग्रुप ऑफ कंपनीज के निदेशक मंडल में भी रहे हैं. सचिव (कार्पोरेट संबंधी मामलों के मंत्रालय) के रूप में वे भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) में भी रहे हैं. श्री राय सार्वजनिक क्षेत्र की तेल वितरक कंपनियों द्वारा गठित विवाद समाधान पैनल के भी सदस्य रहे हैं. श्री राय गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंसियल टेक सिटी (गिफ्ट सिटी) गांधीनगर, गुजरात के प्रबंध निदेशक एवं समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी रहे हैं.